**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

**दिनांक 05.08.2020**

- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 05.8.2020 को पथ विक्रेता के सर्वे के कार्य तथा चिन्हित पथ विक्रेताओ को पी0एम0 स्वानिधि योजना के अन्तर्गत ऋण दिये जाने की समीक्षा की गयी।**
- **नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण विशेष अभियान चलाया अभियान रहा है। आज दिनांक 05.8.2020 को नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत चला विशेष सफाई अभियान। कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ साफ–सफाई एवं कूड़े निस्तारण का चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान।**

1. नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 05.8.2020 को पथ विक्रेता के सर्वे के कार्य तथा चिन्हित पथ विक्रेताओ को पी0एम0 स्वानिधि के अन्तर्गत ऋण दिये जाने की समीक्षा की गयी। समीक्षा में नगर आयुक्त महोदय द्वारा पथ विक्रेताओं को चयनित करने हेतु नगर निगम के राजस्व निरीक्षको एवं कर संग्रहकर्ताओ की जोनवार टीम बनाकर सर्वेक्षित करने हेतु लगाया गया था,परन्तु पथ विक्रेताओ का अभी तक सर्वे का कार्य पूरा न होने कारण नगर आयुक्त महोदय ने असंतोष व्यक्त किया और नगर आयुक्त महोदय ने कड़ी चेतावनी देते हुये कहा कि 02 दिन के अन्दर छूटे हुये पथ विक्रेताओ का सर्वे का कार्य पूरा करा लिया जायें। इसके साथ ही परियोजना अधिकारी (डूडा) को निर्देशित किया गया कि जिन पथ विक्रेताओ द्वारा पीएम स्वानिधि ऋण के आवेदन प्राप्त किये गये है। उनकी स्वीकृति हेतु सम्बन्धित बैंको से समन्वय स्थापित करते हुये अपेक्षित कार्यवाही करे। समीक्षा में नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, सहायक नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे,राजस्व निरीक्षक एवं कर संग्रहकर्ता उपस्थित रहे।

2. नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान आज दिनांक 05.08.2020 को नगर के विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी गयी। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य रामनगर,गदियाना,सैनिक कालोनी,रेयान स्कूल, रेती, दलेलगंज,तारीन गाड़ीपुरा पब्लिक,महमंद जलालनगर स्कूल,तिलहरजई,मोहम्मदजई,गौहरपुरा,बाबूजई,कच्चा कटरा,चौभुर्जी,खिरनीबाग,नवोदय विद्यालय,कचहरी, मंत्री जी वाली गली,सुभाष नगर,इन्द्रानगर, बृज बिहार कालोनी,बहादुरगंज,तारीन बहादुरगंज,पावर हाउस,चमकनी,बी0एस0 पब्लिक,पॉलिटेक्निक कालेज,चार खम्बा,किला रैन बसेरा,आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्मत एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु ,शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया।नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सुनिश्चित करें।

Generated by CamScanner

नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूडे निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनता से अपील की है कि नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करे, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु। इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 05.08.2020 को **तारीन जलालनगर,बारादरी, हुसैनपुरा,महमानशाह,दलेलगंज** में सफाई का कार्य एवं कूडा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 05.08.2020 को अभियान के जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। प्रर्वतन दल के माध्यम से प्रतिदिन अभियान चलाकर प्रतिबन्धित पालीथीन से निर्मित वस्तुओ को सीज करने तथा जुर्माना लगाने का कार्य भी किया जा रहा है ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर

Generated by CamScanner